बिहार सरकार
उद्योग विभाग

पत्रांकः— पटना, दिनांकः—
3स / उ०स्था०(विविध)04 / 2024

प्रेषक,

राधा कृष्ण चौहान,
सरकार के उप सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार(ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः— **उद्योग विभाग, बिहार, पटना में (निदेशालय सहित) स्वीकृत बिहार सचिवालय सेवा के प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पदबल का उद्योग विभाग एवं इसके नियंत्रणाधीन निदेशालयों में पदों का पुनर्आवंटन।**

आदेशः— सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के स्वीकृत्यादेश संख्या—18794 दिनांक 04.10.2025 द्वारा बिहार सचिवालय सेवा के विभिन्न ग्रडों के पदों का पुनर्गठन किया गया है। जिसके द्वारा उद्योग विभाग के लिए सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का 78(अठहत्तर) एवं प्रशाखा पदाधिकारी का 26(छब्बीस) पद स्वीकृत है।

उद्योग विभाग में सरकार पक्ष एवं इसके नियंत्रणाधीन चार निदेशालय— (1) उद्योग निदेशालय, (2) हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, (3) एम0एस0एम0ई0 निदेशालय एवं (4) खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय कार्यरत है।

उक्त के आलोक में उद्योग विभाग के पत्रांक—2241 दिनांक 23.05.2019 द्वारा उद्योग विभाग एवं चारों निदेशालयों में प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का किये गये आवंटन को निम्न रूप से पुनर्आवंटित किया जाता है :—

क्र०	विभाग / निदेशालय	प्रशाखा / प्रशाखा पदाधिकारी	सहायक प्रशाखा पदाधिकारी
1	उद्योग विभाग (सरकार पक्ष)	12	36
2	उद्योग निदेशालय	06	19
3	हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय	03	09
4	एम0एस0एम0ई0 निदेशालय	04	11
5	खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय	01	03
	कुल	26	78

2. एतद् संबंध में पूर्व निर्गत आदेश / स्वीकृत्यादेश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

3. प्रस्ताव में सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / —
(राधा कृष्ण चौहान)
सरकार के उप सचिव
कृ०पृ०उ०

D:\Section-3 file\Shivaji Patel\Shivaji Patel.doc

ज्ञापांकः–   पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–उद्योग निदेशक, बिहार/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार/निदेशक, एम0एस0एम0ई0 निदेशालय, बिहार/निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अपर सचिव, उद्योग विभाग/सभी संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग/सरकार के उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/सभी उप सचिव, उद्योग विभाग/सभी अवर सचिव, उद्योग विभाग/संयुक्त सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, उद्योग विभाग/सहायक उद्योग निदेशक(लेखा), उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना/वरीय लेखा पदाधिकारी, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना/सहायक निदेशक(तक0)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, एम0एस0एम0ई0, निदेशालय,बिहार, पटना/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, बिहार, पटना/सचिव के आशुलिपिक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः– 2085   पटना, दिनांकः– 28/04/26

प्रतिलिपिः– नेटवर्किंग सपोर्ट इंजीनियर, उद्योग विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/4/26
सरकार के उप सचिव

47
IT manager